Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding resuming of service of Budh-Purnima Express (14224/14223) and demand for 100 per cent refund of cancellation fee.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): अध्यक्ष जी, धन्यवाद।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से एक महत्वपूर्ण विषय सदन के समक्ष रखना चाहता हूं। वैसे तो देश में अभी कोरोना के चलते बहुत सारी ट्रेन्स रद्द हुई हैं, लेकिन एक गाड़ी है, जो चार-पांच महीनों से कुहासा के कारण रद्द है। वह गाड़ी सारनाथ से राजगीर तक चलती है, जिसका नंबर 14223/24 है। महोदय, कुहासा कब का खत्म हो गया है, लेकिन अभी तक इस गाड़ी का परिचालन शुरू नहीं किया गया है।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी ने कोरोना के कारण देशवासियों से यह अपील की कि बहुत आवश्यक हो, तब ही लोग यात्रा करें। देशवासियों ने उनकी अपील का सम्मान करते हुए अपनी बहुत सी यात्राएं स्थगित की हैं। आज के दिन बड़ी संख्या के लोग अपने टिकट कैंसिल करा रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से इस संबंध में मांग करना चाहता हूं। मेरी जानकारी में यह है कि लोगों पर टिकट का कैंसिलेशन चार्ज लग रहा है। मैं मानवता के आधार पर आपसे यह निवेदन करना चाहता हूं कि जब कोरोना के चलते लोग अपनी टिकट कैंसिल करा रहे हैं, जिसकी माननीय प्रधान मंत्री जी ने भी लोगों से अपील की है तो उन पर टिकट कैंसिलेशन चार्ज नहीं लगना चाहिए।

जैसा कि मैंने कहा बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस का परिचालन कोरोना का प्रभाव खत्म होते ही तुरंत शुरू किया जाना चाहिए। धन्यवाद। …(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): स्पीकर सर, हम सुशील जी की बात का समर्थन करते हैं। …(व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर): मंत्री महोदय की ओर से इस विषय पर उत्तर आना चाहिए। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्री मलूक नागर, श्री गिरीश चन्द्र एवं श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री सुशील कुमार सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): अध्यक्ष महोदय, अभी रेलवे का एक विषय आया था, जिसे दो-तीन माननीय सदस्यों ने उठाया था। इसमें "No cancellation fee will be charged for 155 cancelled trains. Passengers would get 100 per cent refund." यह ऑर्डर भारत सरकार की तरफ से इश्यू हो गया है। …(व्यवधान)